# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5-5-24 | 6 | 1-3 |

# विवि को आगे बढ़ाने में कर्मियों का अहम योगदान : प्रो. कांबोज

## एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

**भास्कर न्यूज | हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजु महता व डॉ. विनीता जैन है। जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूपदेव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-5-24 | 4 | 6-8 |

# विवि को आगे बढ़ाने में कर्मी सबसे अहम : प्रो. काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसंबर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सम्मानित किया।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए। • पीआरओ

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर हकृवि के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान-सम्मान दिया जाए।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डा. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डा. सुधीर कुमार, डा. मंजु महता व डा. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास आदि शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 5-5-24 | 2 | 3-5 |


## एचएयू में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए समारोह का आयोजन

# कर्मियों का विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में अहम योगदान

**कुलपति ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की।**



हिसार। सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। *फोटो: हरिभूमि*

*हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने में अपना योगदान दिया है। प्रो. बीआर काम्बोज विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए शनिवार को आयोजित सेवा सम्मान समारोह में उन्हें संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गत दिसंबर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की और कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान-सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजू महता व डॉ. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेंद्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेंद्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल है।

### अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 5-5-24 | 5 | 1-4 |

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

## एचएयू में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

हिसार, 4 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है।

यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। कर्मचारी अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर हकृवि के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहें।

उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान-सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजु महता व डॉ. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 5-5-24 | 5 | 6-8 |

एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मियों का अहम योगदानः प्रो. काम्बोज

हिसार(सच कहूँ न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के




द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। कर्मचारी अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर हकृवि के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-5-24 | 3 | 2-5 |

कार्यक्रम

एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

# विवि को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान

संवाद न्यूज एजेंसी



एचएयू में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए। स्रोतः संस्थान

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के 25 कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. कांबोज ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान रहा है।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजु महता व डॉ. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-5-24 | 3 | 5-7 |

## विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. काम्बोज

हिसार, 4 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिस बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजु महता व डॉ. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 05.05.2024 | -- | -- |

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। कर्मचारी अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर

**एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित**

हकृवि के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान-सम्मान दिया जाए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | 04.05.2024 | -- | -- |


# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज



पल पल न्यूजः हिसार, 4 मई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर हकृवि के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहें। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे। विश्व विद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजु महता व डॉ. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 04.05.2024 | -- | -- |

दैनिक सवेरा

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 4 मई : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व अंशुल भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल तीन वैज्ञानिक तथा 22 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मंजु महता व डॉ. विनीता जैन है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में हरीश कुमार, नरमेल सिंह, भूप देव, बलराज, जयपाल, अमर सिंह, जोगीराम, बिजेन्द्र सिंह, भीम सिंह, ज्ञानी राम, सुरेन्द्र कुमार, लाला राम, दलबीर सिंह, मेवा देवी, शीला देवी, महादेव, गुलशन कुमार शर्मा, रामेश्वर दास, जगमिंदर सिंह, ईश्वर सिंह, रमेश कुमार तथा राम पाल शामिल हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 04.05.2024 | -- | -- |

# एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गत दिसम्बर, जनवरी व फरवरी माह के दौरान 25 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपका हकृवि के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा रही है। सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। कर्मचारी अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर हकृवि के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हें उचित मान-सम्मान दिया जाए।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 2-5-24 | 6 | 1-5 |


**तैयारी** • धान की रोपाई के लिए 15 मई से शुरू करें तैयारी, 30 जून तक सभी कार्य पूरे होने चाहिए

# धान की मध्यम अवधि वाली किस्मों की नर्सरी मई में लगाएं, बौनी किस्मों की नर्सरी की भी कर लें तैयारी

भास्कर न्यूज | हिसार

धान की मध्यम अवधि वाली व बौनी किस्मों की नर्सरी 15 मई से शुरू कर देनी चाहिए। मई में ही मध्यम अवधि वाली धान की किस्मों की नर्सरी का काम पूरा कर लेना चाहिए, जबकि बौनी किस्मों के लिए 30 जून तक यह काम पूरा कर लें। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि भारी व स्वस्थ बीज के चुनाव के लिए 10 किलोग्राम बीज को नमक के घोल 1 किलोग्राम नमक+10 लीटर पानी मिलाकर हाथ से धीरे-धीरे चलाएं। हल्के रोगग्रस्त बीज और आभासी कंडुआ के पिंड ऊपर तैरने लगते हैं जिन्हें निकाल कर नष्ट कर दें और नीचे बैठे हुए भारी बीज को स्वच्छ पानी से 3-4 बार अच्छी तरह धो लें और फफूंदनाशक दवा के घोल से उपचारित करें। 10 लीटर फफूंदनाशक घोल (10 ग्राम कार्बेन्डाजिम, एक ग्राम स्ट्रैप्टोसाइक्लिन व 10 लीटर पानी) में 10-12 किलोग्राम बीज को 24 घंटे भिगोकर बिजाई करें।

## यह हैं धान की किस्में



धान की नर्सरी की फाइल फोटो।

- **धान की कम अवधि वाली बौनी किस्में:** एचकेआर 46, एचकेआर 48, पी आर 126 व गोबिन्द प्रमुख बौनी किस्में हैं। इनकी नर्सरी 15 मई से 30 जून तक लगाएं।
- **धान की मध्यम अवधि वाली किस्में:** जया, पीआर 106, एचकेआर 47, एचकेआर 120, एचकेआर 126, एचकेआर 127 एवं एचकेआर 128 की नर्सरी 15 से 30 मई तक लगाएं।

**भूरा व सफ़ेद पीठ वाले तेले के लिए:** पीमेट्रोजीन (चेस 50 wp) @120 ग्राम प्रति एकड़ या डिनोटीफ्रोन( ओसीन 20 एसजी) @80gm प्रति एकड़ की दर से बुआई के 7 दिन बाद पौध में और डोले पर करें।

## खरपतरवार नियंत्रण के लिए यह करें

डॉ. ओपी चौधरी के अनुसार नर्सरी में खरपतवार नियंत्रण के लिए बिजाई के 1-3 दिन बाद 600 ग्राम सोफिट प्रेटिलाक्लोर 30 ईसी सेफनर प्रति एकड़ को 60 किग्रा. सूखी रेत में मिलाकर प्रयोग करें या 1.2 लीटर ब्यूटाक्लोर ईसी मचैटी/डेलक्लोर/हिल्टाक्लोर या थायोबेनकार्ब सैटर्न ईसी या पेन्डीमैथलीन स्टॉम्प 30 ईसी को 60 किग्रा. सूखी रेत में मिलाकर अंकुरित धान के बोने के 6 दिन बाद एक एकड़ नर्सरी में डालें।

# धान की सीधी बुवाई से पानी की बचत और पैदावार ज्यादा होगी

गन्नौर (सोनीपत)| लगातार भूजल स्तर गिरता जा रहा है। पानी को बचाने के लिए किसानों को खेती करने के तरीकों में बदलाव करना होगा। अगर किसान धान की सीधी बुवाई करते हैं तो पानी की बचत होने के साथ पैदावार भी ज्यादा होगी। कृषि अधिकारी डॉ. संदीप बजाज बताते है कि जब हरित क्रांति आई तो रोपित धान को बढ़ावा दिया गया और आज लंबे समय से रोपित धान की खेती होने के कारण पंजाब, हरियाणा व उत्तर भारत में पानी का स्तर काफी गिरता जा रहा है। अगर ये हालात रहे तो आने वाले समय में रोपित धान तो छोड़िये, खेती के लिए पानी नहीं बचेगा और आदमी पानी को मोहताज हो जाएगा। बजाज ने बताया कि धान की सीधी बिजाई के अनेक फायदे है। खर्चे में कमी, कम लेबर, पानी की बचत और बिजली खर्च में कमी आती है।

## जरूरी बातें

- **रोपित धान विधिः** 1 किलोग्राम धान तैयार करने के लिए 3500-4000 लीटर पानी की आवश्यकता पड़ती है।
- **किस्मों का चयनः** धान की सीधी बिजाई के लिए कम समय में पकने वाली किस्में जैसे कि पूसा बासमती-1509, पूसा बासमती-1401, पूसा बासमती-1121, पीआर-7, पीआर-126, पीआर-122, पीआर-127, 128, 129
- **बीज की मात्राः** धान की सीधी बिजाई के लिए 8 से 10 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ उचित है।
- **बीज उपचारः** 10 लीटर पानी में 10 ग्राम कार्बेन्ड़ीजिम (बाविस्टीन) व 1 ग्राम स्ट्रैप्टोसाईकिलन घोल ले और इस घोल में 8-10 किलो बीज पूरे 24 घंटे तक भिगोएं। बीज को घोल से निकालकर छाया में सुखाएं।